***प्रेस नोट                    जनपद संतकबीरनगर            दिनांक 05.04.2024***

***पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश***

आज दिनांक 05.04.2024 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। महोदय द्वारा परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्ड रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्ड की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्ड कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

*इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों व पुलिस चौकियों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

***जनपद-संतकबीरनगर                    प्रेस विज्ञप्ति                    दिनांक 05.04.2024***

## पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा साइबर थाना का किया गया आकस्मिक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

आज दिनांक 05.04.2024 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने का किया गया आकस्मिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान साइबर अपराध के ऑफलाइन व ऑनलाइन मामलों का अनुसंधान कर, साइबर अपराध के पीड़ित लोगो को अतिशीघ्र न्याय दिलाने व साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन/मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*** , प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन संतकबीरनगर ***श्री रजनीकान्त ओझा***, पीआरओ पुलिस अधीक्षक ***श्री जीतेन्द्र यादव*** साइबर थाने के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

***जनपद - संतकबीरनगर                    प्रेस विज्ञप्ति                    दिनॉक 05.01.2024***

***थाना धनघटा पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म  करने के मामले मे वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार***

जनपद में *मिशन शक्ति अभियान* के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी धनघटा ***श्री अजय सिंह*** के निकट पर्यवेक्षण में ***थाना धनघटा पुलिस द्वारा*** मु0अ0स0 196/2024 धारा 363/376D भा0द0वि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त अंगद पुत्र फेकू निवासी चपरा पूर्वी खालेपुरवा थाना धनघटा जनपद सन्तकबीर नगर को उमरिया चौराहे के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 25.03.2024 को वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना धनघटा पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर आज दिनांक 05.04.2024 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

*गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-* प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार, का0 महेन्द्र निषाद, का0 विशाल सिंह।

***जनपद-संतकबीरनगर                    प्रेस विज्ञप्ति                    दिनांक 05.04.2024***

***आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना बेलहरकला द्वारा अर्धसैनिक बलों के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन / फ्लैग मार्च***

आज दिनांक 05.04.2024 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*** के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*** के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी  निरीक्षक थाना बेलहरकला *सुश्री सरोज शर्मा* द्वारा अर्धसैनिक बल के साथ थाना बेलहरकला क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल और वलनरेबल गावों कस्बा बेलहरकला, लोहरसन, मोतीपुर, हसनी, बेलहरखुर्द, मंझरिया खुर्द व अन्य गांवो का ड्रोन कैमरो की निगरानी में फ्लैग मार्च / एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गयी। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया व लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील की गई साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। इस दौरान पुलिस बल व सीआईएसएफ बल के अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

***प्रेस नोट जनपद संतकबीरनगर दिनाँक 05.04.2024***

***पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के निर्देशन में यातायात प्रभारी द्वारा जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों मोडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व काली फिल्म के विरुद्ध अभियान चलाकर जागरूक किया गया***

पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात ***श्री केशवनाथ*** के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात ***श्री परमहंस*** द्वारा मेंहदावल बायपास पर यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत आज दिनांक 05.04.2024 को जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए मोडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व काली फिल्म के विरुद्ध अभियान चलाकर वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी।

***जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक 05.04.2024***

***अपर पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर द्वारा जुम्मे की अलविदा नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया व आमजन को सुरक्षा का अहसास दिलाने हेतु थाना क्षेत्र को0 खलीलाबाद में किया गया पैदल गस्त***

आज दिनांक 05.04.2024 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ***श्री शशि शेखर सिंह***,क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ***श्री बृजेश सिंह*** द्वारा जनपद सन्तकबीरनगर की जनता मे सुरक्षा भावना को बढ़ाने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद ***श्री रामकृपाल सिंह*** सहित मय आवश्यक पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत शहर खलीलाबाद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं जुम्मे की अलविदा नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया। किया गया तथा ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल को चेक किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

***जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक 05.01.2024***

***थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले मे वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार***

जनपद में *मिशन शक्ति अभियान* के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ***श्री ब्रजेश सिंह*** के निकट पर्यवेक्षण में ***थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा*** मु0अ0स0 271/2024 धारा 363/366/376/120बी भा0द0वि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त आलोक कुमार पुत्र बालजीवन निवासी चमरसन थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीर नगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर आज दिनांक 05.04.2024 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-*** उ0नि0 श्री अशोक कुमार दूबे, का0 लालचन्द प्रसाद, का0 मनीष।

***जनपद – संतकबीरनगर* *प्रेस विज्ञप्ति* *दिनाँक 05.04.2024***

***शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 06 अभियुक्त गिरफ्तार***

- ***थाना दुधारा पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- ***थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- ***थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

***पीआरवी आफ द डे***

***पीआरवी 3305 द्वारा दो पक्षों के विवाद में घायल 02 लड़कियों को भेजवाया गया अस्पताल–*** पीआरवी 3305 को थाना धनघटा क्षेत्रांतर्गत धनघटा से इवेन्ट संख्या 00789 से कालर द्वारा दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद की सूचना पर 02 लड़कियों (1- संध्या पुत्र सुखलाल 2- अनिता यादव पुत्र प्रहलाद निवासी गजपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर) के घायल होने के संबंध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घायल लड़कियों को एंबुलेंश की सहायता से अस्पताल भेजवाया गया साथ ही घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायल लड़कियों को अस्पताल भेजवाकर उसकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

***पीआरवी स्टाफ-* आ0 रोहित कुमार मौर्य, हो0चा0 सुरेन्द्र शर्मा ।**

***मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 189 वाहनों से 2,10,000 रु0 सम्मन शुल्क  वसूल किया गया***

आज दिनांक 05.04.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 189 वाहनों से 2,10,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

***जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक 05.04.2024***

***पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मौजूद 26 अदद दो पहिया वाहनों की नीलामी कुल 2,22,000 रु में की गई***

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर ***श्री शशिशेखर सिंह*** के पर्यवेक्षण में थानों में खड़े लावारिश वाहनों, माल मुकदमाती के निस्तारण के लिए चलाये जा रहे ***आपरेशन क्लीन अभियान*** के तहत आज दिनांक 05.04.2024 को क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ***श्री ब्रजेश सिंह***, नायब तहसीलदार खलीलाबाद ***प्रियंका तिवारी*** की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद ***श्री रामकृपाल सिंह*** की उपस्थिति में थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत चौकी औद्योगिक पर खडे 26 अदद दो पहिया वाहनों, जिनका मूल्यांकन श्रीमान सम्भागीय परिवहन अधिकारी जनपद संतकबीरनगर द्वारा कुल 82,700/- रूपये किया गया था। उक्त मौजूद लावारिश हालात में खड़े 26 दो पहिया वाहनों **की नीलामी प्रक्रिया कुल 2,22,000रु0 में की गई,** जिसमें कुल 56 व्यक्तियों ने नीलामी हेतु प्रतिभाग किया गया। नीलामी प्रक्रिया में श्री राम गोपाल कश्यप निवासी तारामण्डल जनपद गोरखपुर के द्वारा उपरोक्त 26 दो पहिया वाहनो की अधिकतम बोली 2,22,000/- (दो लाख बाइस हजार) रुपये लगाकर अपने पक्ष में हासिल किया गया। आपरेशन क्लीन अभियान के तहत वाहन मालिकों का नाम पता ट्रेस कर वाहनों को अपने पक्ष में मुक्त कराने के लिए नोटिस दी जा रही है, वाहन मालिकों द्वारा वाहनों को अपने पक्ष में अवमुक्त न कराने के कारण नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है।

## *जनपद-संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 05.04.2024*

## *आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना दुधारा पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बलों के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन / फ्लैग मार्च*

आज दिनांक 05.04.2024 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*** के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ***श्री ब्रजेश सिंह*** के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी  निरीक्षक थाना दुधारा ***श्री पंकज कुमार पाण्डेय*** द्वारा नागालैण्ड सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ थाना दुधारा क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल और वलनरेबल मतदान केन्द्रों वाले स्थानों पचपोखरी, सेमरियांवा, लोहरौली, कस्बा दुधारा, बाघनगर, साफियाबाद, उचहराकलां, करमाखान व अन्य गांवो का ड्रोन कैमरो की निगरानी में फ्लैग मार्च / एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गयी। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया व लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील की गई साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। इस दौरान पुलिस बल व सीआईएसएफ बल के अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## *जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 05.04.2024*

## *दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री सत्यजीत गुप्ता** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों  की गिरफ्तारी के क्रम **में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा** वारण्टी नाम पता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पुत्र भवानी प्रसाद गुप्ता निवासी गोलाबाजार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री मनीष कुमार जायसवाल, का0 अनिल प्रसाद।